**समाचार** विज्ञपति

# महंगाई राहत पोर्टल और भुगतान जल्द ही आ रहे हैं

09 जनवरी, 2023

## परिवारों, बज़ुर्गों, और कमजोर अल्बर्टा वासियों के लिए मासिक $100 वहनीयता (affordability) भुगतान जल्द ही जारी किए जाएगा, और अल्बर्टा वासी तैयार होने के लिए अब कार्य कर सकते हैं।

अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था मजबूती से ठीक हो गई है, लेकिन बहुत से लोग अपने घरों को गर्म करने और अपने परिवारों को भोजन खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अलबर्टा की सरकार ने महत्वपूर्ण व्यापक-आधार पर और लक्षित समर्थन के साथ कैनेडा में सबसे बड़े महंगाई राहत पैकेज के साथ जवाब दिया है। इस महीने से अल्बर्टा वासियों के लिए छह महीने का वहनीयता भुगतान एक एप्लिकेशन और वितरण प्रणाली के माध्यम से शुरू होगा जो तेज, प्रभावी और सुरक्षित है।

18 जनवरी से शुरू होकर, 65 या उससे अधिक उम्र के बजुर्ग नागरिक जो अलबर्टा सीनियर्स बेनिफिट प्राप्त नहीं कर रहे हैं और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ पात्र माता-पिता मासिक वहनीयता भुगतान में $600 के लिए सरकारी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन या प्रांत भर के स्थानों पर व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर सकते हैं।

पोर्टल का उपयोग करने के लिए पात्र माता-पिता और बुज़ुर्गों के पास एक सत्यापित अकाउंट होना आवश्यक है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आवेदन प्रक्रिया हर संभव रूप से सुचारू है, अल्बर्टा वासियों को अपने सत्यापित अकाउंट के लिए साइन-अप करना चाहिए या पुष्टि करनी चाहिए कि उनके पास सटीक जानकारी के साथ एक मौजूदा सत्यापित अकाउंट है।

इन लक्षित राहत भुगतानों को प्राप्त करने वाले कई अलबर्टा वासी स्वचालित रूप से ही कार्यक्रम के लिए नामांकित हो जाते हैं और उन्हें लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होती है।

फॉस्टर और रिश्तेदार देखभाल करने वालों के साथ, कोई भी व्यक्ति जो वर्तमान में अश्योर्ड इंकम फॉर द स्वीयरली हैंडीकैप्ड (Assured Income for the Severely Handicapped (AISH)), आय

समर्थन या अल्बर्टा सीनियर्ज़ बैनिफिट के माध्यम से नियमित मासिक लाभ प्राप्त कर रहा है, या पर्सनज़ विद डिवेलपमेंटल डिसअबिलटीज़ (Persons with Developmental Disabilities (PDD) कार्यक्रम के माध्यम से सेवाएं प्राप्त कर रहा है, वह स्वचालित रूप से अपना पहला भुगतान 31 जनवरी से प्राप्त करेगा।

## AISH, इनकम सपोर्ट और PDD प्राप्त करने वालों के लिए वहनीयता भुगतान

AISH, इनकम सपोर्ट और PDD प्राप्त करने वाले सभी लोग स्वचालित रूप से प्रोग्राम में नामांकित हो जाते हैं और उन्हें अपने लाभ प्राप्त करने के लिए साइन अप करने की आवश्यकता नहीं होती है। वे 31 जनवरी से अपना पहला $100 का भुगतान प्राप्त करेंगे।

- लोगों को भुगतान नियमित मासिक लाभों की तरह ही वितरित किए जाएंगे, चाहे स्वचालित रूप से जमा करके या भौतिक चेक द्वारा।
- भुगतान मौजूदा PDD क्लाइंटों के लिए भौतिक चेक द्वारा वितरित किया जाएगा जो AISH या इनकम स्पोर्ट लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- लाभार्थियों को भुगतान कार्यक्रम में उनके नामांकन, और संबंधित जानकारी के बारे में भी सीधे सूचित किया जाएगा।
- इन भुगतानों को AISH और इनकम स्पोर्ट कार्यक्रमों द्वारा छूट प्राप्त आय के रूप में माना जाएगा और पात्रता या वित्तीय लाभों को प्रभावित नहीं करेगा।
- इन कार्यक्रमों में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता भी प्रति बच्चे अतिरिक्त भुगतान में $600 प्राप्त कर सकते हैं। 18 जनवरी से शुरू होने वाले इन भुगतानों के लिए उन्हें ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से आवेदन करना होगा।

## बुज़ुर्गों के लिए वहनीयता भुगतान

$180,000 से कम घरेलू आय वाले 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी अल्बर्टा वासी जल्द ही मासिक वहनीयता भुगतानों में छह महीने में $600 के लिए पात्र होंगे।

अल्बर्टा सीनियर्स बेनिफिट प्राप्त करने वाले अल्बर्टा वासियों को कार्यक्रम में स्वचालित रूप से नामांकित किया जाता है और उन्हें अपने लाभ प्राप्त करने के लिए साइन अप करने की आवश्यकता नहीं होती है। अतिरिक्त मासिक भुगतान का वितरण 31 जनवरी से शुरू होगा।

योग्य बुज़ुर्ग नागरिक जो अल्बर्टा सीनियर्स बेनिफिट प्राप्त नहीं कर रहे हैं, उन्हें अपना सत्यापित अकाउंट बनाकर या पुष्टि करके वहनीयता भुगतान के लिए आवेदन करना होगा और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या रजिस्ट्री कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या अल्बर्टा सपोर्ट के माध्यम से लाभ के लिए आवेदन करना होगा, जब पोर्टल 18 जनवरी को खुलेगा।

## 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करने वाले माता-पिता या अभिभावकों के लिए वहनीयता भुगतान

$180,000 प्रति वर्ष से कम घरेलू आय वाले परिवारों को जल्द ही छह महीने से अधिक 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक आश्रित बच्चे के लिए कुल $600 प्राप्त होंगे। योग्य माता-पिता अपना सत्यापित अकाउंट बनाकर या पुष्टि करके वहनीयता भुगतानों के लिए आवेदन कर सकते हैं और 18 जनवरी को पोर्टल खुलने पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या रजिस्ट्री कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या अल्बर्टा सपोर्ट के माध्यम से लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की देखभाल करने वाले फॉस्टर और रिश्तेदार देखभाल करने वालों के लिए सामर्थ्य भुगतान

18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे की देखभाल करने वाले योग्य रिश्तेदार या फॉस्टर देखभाल करने वालों को स्वचालित रूप से कार्यक्रम में नामांकित किया जाता है और उनके वहनीयता भुगतान प्राप्त करने के लिए साइन अप करने की आवश्यकता नहीं होती है। उन्हें अपना पहला भुगतान जनवरी के अंत में प्राप्त होगा।

- भुगतान नियमित मासिक लाभों की तरह ही वितरित किए जाएंगे, चाहे स्वचालित रूप से जमा करके या भौतिक चेक द्वारा।
- मासिक भुगतान 31 जनवरी से शुरू किया जाएगा।

अलबर्टा की सरकार लौंग-टर्म अफोर्डेबिल्टी का समर्थन करने के लिए भी काम करते हुए जीवन यापन और महंगाई राहत की तत्काल लागत प्रदान कर रही है। अल्बर्टा निवासी सभी व्यापक-आधारित और लक्षित वहनीयता राहत कार्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण तथ्य:

- अल्बर्टा की सरकार आय के आधार पर पात्रता को सत्यापित करने के लिए CRA 2021 टैक्स डेटा का उपयोग करेगी।
- आवेदन 30 जून तक जमा किए जा सकते हैं, भुगतान पूर्वव्यापी होने के साथ ताकि पिछले महीनों को शामिल किया जा सके जब कोई व्यक्ति पात्र था।
- आवेदन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो जाने के बाद, अधिकांश अल्बर्टन उस महीने के अंत में भुगतान प्राप्त करेंगे। प्रत्येक व्यक्ति के लिए सटीक समय अलग-अलग होगा।

- अल्बर्टा के पास 2015 से सत्यापित अकाउंट हैं, जो अल्बर्टावासियों के लिए सरकारी सेवाओं की बढ़ती संख्या तक सुरक्षित रूप से और विश्वसनीयता से पहुंचने का एक तरीका है।
- जैसा कि सभी ऑनलाइन अकाउंटों के साथ होता है, अल्बर्टा वासियों को मजबूत पासवर्डों का उपयोग करना चाहिए और अपना पासवर्ड किसी और के साथ साझा नहीं करना चाहिए। अल्बर्टा सरकार की साइट पर एक मजबूत पासवर्ड कैसे बनाया जाए, इसके टिप्स उपलब्ध हैं।
- अल्बर्टा सरकार भुगतान प्राप्त करने के लिए अल्बर्टा वासियों को व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी जमा करने के लिए टेक्स्ट या ईमेल नहीं भेजेगी।

वीडियो और सवालों के जवाब सहित अतिरिक्त जानकारी alberta.ca/affordable पर उपलब्ध है।

## संबंधित जानकारी

- वहनीयता भुगतान
- साइन-अप करें या अपनी सत्यापित अकाउंट स्थिति की जांच करें
- अफोर्डेबिलिटी एक्शन प्लान

## मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें
- वीडियो: अपने वहनीयता भुगतानों के लिए आवेदन कैसे करें